AUD: 1030 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री, 72.92% गर्ल्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी (एयूडी) के 14वें कन्वोकेशन मे 1030 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। गुरुवार को कश्मीरी गेट कैंपस मे हुए इस वार्षिक दीक्षांत समारोह मे दिल्ली के राज्यपाल तरणजीत सिंह संधू, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद खास गेस्ट के रूप में पहुंचे थे। अकैडमिक सेशन 2024-25 के दौरान अंडरग्रैजुएट, पोस्टग्रैजुएट, पीएचडी और डिप्लोमा कोर्सो के 1030 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई, जिनमे 72.92 प्रतिशत महिलाएं रही। इनमे 331 यूजी, 640 पीजी, 48 पीएचडी स्टूडेंट्स शामिल रहे।

यूनिवर्सिटी का 14वां कन्वोकेशन किया गया आयोजित

एलजी ने स्टूडेंट्स से कहा कि एयूडी की समता और सामाजिक न्याय की सोच को जीवन मे उतारे और अपने ज्ञान का इस्तेमाल समाज कल्याण के लिए करे। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'शिक्षा सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाने का माध्यम है। स्टूडेंट अपने ज्ञान और कौशल से विकसित भारत 2047 के निर्माण मे अहम भूमिका निभाएं।' शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि नई तकनीक के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के लिए इनोवेशन करें। सभी ने स्टूडेंट्स को कहा कि वो पीएम की अपील पर ईंधन खपत कम करें, स्वदेशी अपनाएं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा दें।

इस मौके पर यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. अनु सिंह लाठर ने कहा, हमारे पीएचडी, यूजी और पीजी कोर्सों मे 72.92% महिलाएं है, जबकि ओवरऑल यह आंकड़ा 62.62 प्रतिशत है।

The Pioneer
NEW DELHI | FRIDAY | MAY 15, 2026

LG, CM Rekha attend Ambedkar University convocation

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Delhi Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu and Chief Minister Rekha Gupta on Thursday attended the 14th annual convocation ceremony of Dr BR Ambedkar University Delhi. On the occasion, LG and the Chief Minister urged graduating students to use education as a tool for social responsibility and nation-building.

Addressing students on the university campus, the Lieutenant Governor said a degree should be viewed not only as an academic achievement but also as a commitment to society and the country. He said universities must prepare young people to face future challenges through innovation, research, and social engagement.

The convocation ceremony was attended by Education Minister Ashish Sood, university officials, faculty members, researchers, students, and guests. The programme began with an NCC guard of honour for the dignitaries.

Degrees were awarded to undergraduate, postgraduate, and doctoral students from different faculties. Research work in areas such as Development Studies, Human Ecology, Archaeology, Social Design, and Urban Studies was specially recognised during the event.

The university also released its newsletter and research compendium highlighting academic and research achievements. Officials said the institution completed uploading degree scrolls to DigiLocker as part of efforts to strengthen digital governance.

Speaking at the ceremony, Lieutenant Governor Sandhu said the university had established a strong identity in social sciences, humanities, and public engagement during the last 17 years. He noted that the institution started in 2008 with only a diploma programme and had now developed into a multidisciplinary university offering a wide range of courses. He said convocation ceremonies represent an important turning point in students' lives, marking the completion of one phase and the beginning of another filled with greater responsibilities.

The Lieutenant Governor praised the university's work in implementing the National Education Policy and promoting research, Indian knowledge systems, entrepreneurship, and student support programmes. He said education must remain connected with society, innovation, and future needs.

Referring to rapid technological changes across the world, including artificial intelligence and evolving economic conditions, Sandhu said India's youth population remained the country's greatest strength. He urged universities to encourage multidisciplinary learning, entrepreneurship, vocational training, and industry collaboration. He also advised students to build qualities such as leadership, integrity, empathy, and public service while pursuing professional success.

Chief Minister Rekha Gupta congratulated students receiving degrees and medals and described the ceremony as a recognition of years of hard work, discipline, and perseverance. She said convocation ceremonies are not limited to academic success but also represent a new responsibility towards society and the nation.

The Chief Minister noted that the university began with only 19 students and has now grown to more than 6,000 students. She said the institution has continued to promote the ideals of Babasaheb Ambedkar by encouraging social awareness, equality, and national consciousness among students.

The Chief Minister also referred to Prime Minister Narendra Modi's public appeals related to resource conservation and self-reliance. She said small efforts made by citizens in daily life could strengthen the country's economy and support the vision of a developed India by 2047.

Education Minister Ashish Sood said education remains one of the strongest forces for transforming individuals and society. He said students must move beyond degrees and continue learning throughout their lives, especially at a time when technology and artificial intelligence are reshaping the world.

Sood also spoke about responsible citizenship, honesty, patience, and empathy. Referring to the Prime Minister's call for energy conservation and greater use of public transport, he said nation-building depends on meaningful contributions made by ordinary citizens.

एयूडी में दीक्षांत समारोह का आयोजन

नई दिल्ली। एयूडी में गुरुवार को 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1030 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। समारोह में 331 स्नातक उपाधियां, 640 स्नातकोत्तर उपाधियां, 48 पीएचडी और 11 स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किए गए। पीएचडी की डिग्री पाने वालों में 72.92 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।

'डिग्री देने तक सीमित न रहें विश्वविद्यालय'

नई दिल्ली। उपराज्यपाल ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षा को समाज और शासन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री देने तक सीमित न रहें विश्वविद्यालय, बल्कि युवाओं को कौशल, रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का कार्य करें। उपराज्यपाल ने संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों के साथ विभिन्न शहरी चुनौतियों पर चर्चा की।

डिग्री सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प : उपराज्यपाल

नई दिल्ली। दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरुआत का प्रतीक है। डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जवाबदेही का संकल्प भी है। यह बातें उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में कही।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति तरनजीत सिंह संधू के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी वार्षिक दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी व स्नातकोत्तर डिप्लोमा के 1030 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें 331 स्नातक, 640 स्नातकोत्तर, 48 पीएचडी व 11 स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री शामिल है।

डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एलजी। अमर उजाला

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डिग्री विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति नई जिम्मेदारियों के संकल्प का भी महत्वपूर्ण क्षण होता है। वहीं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में युवाओं को निरंतर सीखने, नवाचार और जिम्मेदार नागरिकता की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दौरान

डॉ. बीआर अंबेडकर विवि के दीक्षांत समारोह में 1030 छात्रों को प्रदान की गई डिग्री

विश्वविद्यालय के न्यूज़लेटर एवं रिसर्च कम्पेंडियम का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, संस्थागत पहलों एवं अकादमिक प्रगति पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि हमारे पीएचडी प्राप्त करने वालों में 72.92 फीसदी महिलाएं हैं तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 62.62 फीसदी छात्राएं हैं। ब्यूरो

Mere academic degree not an achievement without commitment to society: LG Sandhu

STATESMAN NEWS SERVICE
New Delhi, 14 May

Delhi Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu said an academic degree alone is not an achievement but an unwavering commitment to society.

Speaking at the 14th Annual Convocation Ceremony of Dr. B. R. Ambedkar University here, Sandhu lauded the university for carving a distinct identity in social sciences, humanities, and public relations over the past 17 years. "Students of the university are encouraged to view education not merely as personal achievement but as a responsibility towards society and nation-building," he observed.

The Lieutenant Governor attended the convocation ceremony along with Delhi Chief Minister Rekha Gupta, Education Minister Ashish Sood, in the presence of the University's vice-chancellor, faculty members, researchers, students, and several distinguished guests.

On the University's profile, the LG said, "Began with just a diploma programme in 2008, the institution has expanded into a multi-disciplinary university offering a wide range of academic courses."

CM Gupta congratulated the graduating students and described the occasion as a reflection of their hard work, discipline, dedication and perseverance. She said that the convocation ceremony is not only about receiving degrees, but also about embracing new responsibilities towards society and the nation.

THE DELHI LIEUTENANT GOVERNOR WAS SPEAKING AT THE ANNUAL CONVOCATION CEREMONY OF THE AMBEDKAR UNIVERSITY IN THE PRESENCE OF CHIEF MINISTER REKHA GUPTA AND EDUCATION MINISTER ASHISH SOOD

Sandhu also said that the occasion marks completion of one journey and the beginning of another filled with greater responsibilities.

He lauded the university's efforts in implementing the National Education Policy, promoting research, preserving Indian knowledge traditions, supporting rural entrepreneurship, and strengthening initiatives considering mental health and student support.

He emphasized that education today must remain closely linked with society, innovation, and the evolving needs of the future. The LG remarked that at a time when the world is witnessing rapid technological advancement, artificial intelligence and shifting economic realities, India's greatest strength lies in its youth population.

In this context, he urged universities to promote multidisciplinary learning, research, entrepreneurship, vocational training, and stronger industry collaboration.

He also advised students to cultivate leadership, integrity, empathy, and a spirit of public service while pursuing their careers. Rekha Gupta noted that the university began its journey with just 19 students and has grown to more than 6,000 students, adding that the institution has consistently upheld the ideals of Babasaheb Ambedkar.

Referring to Prime Minister Narendra Modi's recent appeal to citizens, Gupta said resource conservation, self-reliance, and small individual efforts towards the nation would strengthen the economy and boost development.

Speaking on the occasion, Sood said education remains the most powerful force capable of transforming both individuals and nations, adding that in the era shaped by technology, AI and global challenges, young people must go beyond degrees and embrace continuous learning, innovation, responsible citizenship, patience, empathy and honesty.

आंबेडकर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

1150 से अधिक छात्रों को मिली डिग्रियां, वार्षिक रिपोर्ट भी पेश

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का 14वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को भव्य स्तर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 1150 से अधिक छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में शोधार्थियों को सम्मानित करने के साथ विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए समारोह में डिग्री स्क्रोल को डिजीलॉकर पर अपलोड करने की आधुनिक प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया। उपराज्यपाल संधू ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवा ही सबसे बड़ी शक्ति हैं।

डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जवाबदेही का संकल्प हैः एलजी

एलजी तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डॉ. बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

● **यह उपलब्धि छात्रों के परिश्रम, अनुशासन समर्पण व दृढ़ संकल्प का परिणाम**

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को डॉ. बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में डॉ. बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सामाजिक विज्ञान, मानविकी और जनसरोकारों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2008 में एक डिप्लोमा कार्यक्रम से शुरू हुई यह संस्था आज विभिन्न विषयों में अनेक शैक्षणिक पाठ्यक्रम संचालित कर रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति नई जिम्मेदारियों के संकल्प का भी महत्वपूर्ण क्षण होता है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विश्वविद्यालय के कुलपति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षकों और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के न्यूजलेटर एवं रिसर्च कम्पेंडियम का विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की शैक्षणिक प्रगति का जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने विभिन्न संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गईं।

विकसित भारत के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे देश के युवाः रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में मेडल एवं डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस विश्वविद्यालय ने 19 विद्यार्थियों से अपनी यात्रा शुरू कर आज 6,000 से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई है। बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित कर रहा है। देश के युवा विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

छोटे-छोटे जिम्मेदार प्रयास ही लाएंगे बड़ी क्रांतिः सूद

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति और राष्ट्र को बदलने की सबसे बड़ी शक्ति है। तकनीक, एआई और वैश्विक चुनौतियों के दौर में युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि निरंतर सीखने, नवाचार, जिम्मेदार नागरिकता, धैर्य, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनिर्माण नागरिकों के छोटे-छोटे जिम्मेदार प्रयासों और उदाहरण प्रस्तुत करने वाले नेतृत्व से होता है।

शिक्षा को समाज से जोड़ना समय की आवश्यकताः संधू

एलजी ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जो एक शैक्षणिक यात्रा के समापन और नई जिम्मेदारियों की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, शोध कार्यों को बढ़ावा देने, भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन, ग्रामीण उद्यमिता, मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र सहायता से जुड़े प्रयासों की सराहना की। शिक्षा को समाज, नवाचार और भविष्य की आवश्यकताओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण का आधार बनाया जा रहा है। उपराज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से बहुविषयक शिक्षा, शोध, उद्यमिता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्योगों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

केवल डिग्रियों तक ही सीमित न रहें, नवाचार और नेतृत्व को अपनाएं : तरनजीत सिंह संधू

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : एआइ और तकनीक से संचालित इस तीव्र परिवर्तन के दौर में शिक्षा ही राष्ट्र-निर्माण की सबसे मजबूत नींव बनी रहेगा। ये बातें डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षा समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने की। उन्होंने कहा कि छात्र केवल डिग्रियों तक ही सीमित न रहें, बल्कि निरंतर सीखने, नवाचार और नेतृत्व को अपनाएं।

कार्यक्रम डीयू स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में कुल 1030 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि और शिक्षा मंत्री आशीष सूद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने वर्ष 2024-25 की शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 331 स्नातक, 640 स्नातकोत्तर, 48 पीएचडी और 11 स्नातकोत्तर डिप्लोमा उपाधियां दी गई। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वालों में 72.92 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राओं की भागीदारी 62.62 प्रतिशत है। सीएम रेखा गुप्ता ने विश्वविद्यालय में बढ़ते नामांकन और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए संचालित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति का प्रतीक हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि युवा शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाएं।

डा. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित करते उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू साथ मौजूद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री आशीष सूद व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर • सौजन्य दिल्ली सरकार

केवल डिग्रियों तक ही सीमित न रहें, नवाचार और नेतृत्व को अपनाएं : तरनजीत सिंह संधू

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : एआइ और तकनीक से संचालित इस तीव्र परिवर्तन के दौर में शिक्षा ही राष्ट्र-निर्माण की सबसे मजबूत नींव बनी रहेगा। ये बातें डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षा समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने की। उन्होंने कहा कि छात्र केवल डिग्रियों तक ही सीमित न रहें, बल्कि निरंतर सीखने, नवाचार और नेतृत्व को अपनाएं।

कार्यक्रम डीयू स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में कुल 1030 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि और शिक्षा मंत्री आशीष सूद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने वर्ष 2024-25 की शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष

डा. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित करते उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू साथ मौजूद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री आशीष सूद व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर • सौजन्य दिल्ली सरकार

331 स्नातक, 640 स्नातकोत्तर, 48 पीएचडी और 11 स्नातकोत्तर डिप्लोमा उपाधियां दी गई। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वालों में 72.92 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राओं की भागीदारी 62.62 प्रतिशत है। सीएम रेखा गुप्ता ने विश्वविद्यालय में बढ़ते नामांकन और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए संचालित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति का प्रतीक हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि युवा शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाएं।

Dr BR Ambedkar University, Delhi, celebrated its 14th Annual Convocation Ceremony. The event was attended by Sardar Taranjit Singh Sandhu, Lt Governor and Chancellor of the University, Rekha Gupta, Chief Minister of Delhi, and Ashish Sood, Education Minister.